दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक–12.02.2026

प्रकाशनार्थ

दिनांक 12.02.2026 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ पी.जी. कालेज गोरखपुर के **भूगोल एवं वनस्पति विज्ञान विभाग** के संयुक्त तत्वावधान में **"भौगोलिक सूचना प्रणाली एवं अनुप्रयोग"** विषय पर एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में **डॉ. स्वर्णिमा सिंह, सहायक आचार्य, भूगोल विभाग, दी0द0उ0, गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर** उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने किया, तथा इस विशिष्ट व्याख्यान के संयोजक डॉ. कमलेश कुमार मौर्य, प्रभारी भूगोल विभाग तथा सहसंयोजक श्री धर्मचन्द्र विश्वकर्मा प्रभारी वनस्पति विज्ञान विभाग रहे। मुख्य अतिथि का माल्यापर्ण भूगोल विभाग की शिक्षिका डॉ. अनुपमा मिश्रा तथा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य वक्ता/मुख्य अतिथि ने भौगोलिक सूचना प्रणाली एवं उसके अनुप्रयोगों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जी.आई.एस. हमारे दैनिक जीवन में प्रतिदिन उपयोग हो रहा है। जी.आई.एस. का उपयोग कृषि क्षेत्र मे, नगरीकरण में, स्वास्थ्य में, शिक्षा में, व्यवसाय एवं विपणन में मौसम एवं आपदा प्रबन्धन में, पर्यावरण संरक्षण में तथा श ाहरी एवं ग्रामीण नियोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आज जी.आई.एस. हमारे जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है, क्योंकि इसके द्वारा सूचनायें सरल, सटिक और प्रभावी हों गयी है, इन्होंने ए.आई. और जियो ए.आई. पर भी प्रकाश डाला। जी.आई.एस. के माध्यम से हम समाज में होने वाले नकरात्मक घटनाओं को रोक सकते हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के **प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह** ने कहा कि आज जी.आई.एस. का प्रयोग हर जगह हो रहा है, कृषि क्षेत्र में ड्रोन का उपयोग और बालाकोट स्ट्राइक में हम इसके उपयोग को देख सकते हैं। आज दौर सूचना तकनिकी का दौर है और आज दुनियाँ पर वही राज कर रहा है, या करेगा, जिसके पास एक मजबूत एवं सशक्त सूचना तंत्र होगा। भारत इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।

कार्यक्रम का संचालन वनस्पति विज्ञान प्रभारी श्री धर्म चन्द विश्वकर्मा ने किया तथा आभार ज्ञापन भूगोल विभाग के प्रभारी डॉ. कमलेश कुमार मौर्य ने किया। उक्त कार्यक्रम में डॉ. संजीत कुमार सिंह, डॉ. अनूप राय, डॉ. अनुपमा मिश्रा, डॉ. रविन्द्र कुमार, डॉ. अंशुमान सिंह, डॉ. पवन कुमार पाण्डेय, श्री हिमांशु श्रीवास्तव एवं श्री अनुपम, शिवानी दूबे, आकांक्षा सिंह, रेनू गुप्ता, श्रुति सिंह, सपना यादव, शिव कुमार साहनी सहित समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे।

डॉ.(शैलेश कुमार सिंह)
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क